टेक्सटाइल वर्ल्ड
presents
Uni World 3.0
UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO

22 जनवरी से 6 फरवरी 2024
टेक्सटाइल वर्ल्ड

HAPPY REPUBLIC DAY

यूनिफॉर्म वस्त्र उद्योग एवं व्यापार जगत का मार्तण्ड बन गया... यूनिवर्ल्ड

योगेन्द्र शर्मा
संपादक, टेक्सटाइल वर्ल्ड

Uni World 3.0
a unique destination for all uniform solutions
UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO

टेक्सटाइल वर्ल्ड ने बैंगलुरु में रचा इतिहास

HAPPY REPUBLIC DAY 26 JANUARY

यूनिवर्ल्ड 3.0 : व्यापारियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

प्रतीक व्यास
प्रबंध संपादक, टेक्सटाइल वर्ल्ड

बैंगलुरु/ में 8-9 जनवरी 2024 को संपादित हुआ **"यूनिवर्ल्ड 3.0"** भारत के यूनिफॉर्म वस्त्र उत्पादकों तथा गारमेंट निर्माताओं को नया बाजार देने की संकल्प-साधना में मील का पत्थर साबित हुआ है। सैकड़ों नवीन क्षेत्रीय व्यापारियों का आगमन होने से इस उद्योग का उत्साह और संबल नई ऊँचाइयों को छू रहा था। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों के कई नामचीन व्यापारियों ने इस महाकुंभ में प्रदर्शित नवाचारयुक्त विस्तृत उत्पाद रेंज को देखकर अपनी भावी व्यापार नीति का मार्ग तय कर लिया है। एक्जीबिटर्स ने अपनी प्रतिक्रियाओं के दौरान 'यूनिवर्ल्ड' को यूनिफॉर्म वस्त्र एवं गारमेंट उत्पाद जगत का अनिवार्य प्लेटफॉर्म करार देते हुए कहा कि **'यूनिवर्ल्ड 4.0'** के लिए अभी से हमारी प्रतिभागिता सुनिश्चित करली जावे। केवल तीन संस्करण के पश्चात् ऐसा लगने लगा है मानो यूनिफॉर्म क्षेत्र में 'यूनिवर्ल्ड' एक मार्तण्ड की भाँति प्रकाश और ऊर्जा का प्रमुख घटक बन चुका है।

8 जनवरी को बैंगलुरु के पैलेस ग्राउण्ड, प्रिंसेस गोल्फ के शानदार प्रांगण में देश के तमाम ख्यातनाम यूनिफॉर्म वस्त्र एवं गारमेंट उत्पादकों की भव्य प्रदर्शित स्टॉल्स के मुख्य द्वार पर भगवान गणपति के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर **'टेक्सटाइल वर्ल्ड'** के सम्पादक **श्री योगेन्द्र शर्मा** ने एक्जीबिटर्स और विजिटर्स को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय नहीं रहा जब होलसेलर्स मिलों की डीलरशिप लेने के लिए अपने एजेण्ट को लेकर मिलों में अनुनय विनय करके डीलरशिप लिया करते थे। परिवर्तन के इस दौर में ग्लोबलाइजेशन ने सब कुछ बदलकर रख दिया है। आज उत्पादकों को अपने बाजार से अपडेट रहने की आवश्यकता है। यूनिफॉर्म उत्पादकों को सकारात्मकता के साथ अपने व्यापारियों के माध्यम से उपभोक्ता वर्ग की जरूरत को महसूस करके ही अपनी रणनीति तय करनी चाहिए और निरंतर अपने उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार की मानसिकता से कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेण्ट एसोसिएशन के प्रेसिडेण्ट श्री प्रकाश पिरगल, टेक्सटाइल वर्ल्ड के प्रधान संपादक श्री योगेन्द्र शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों में स्पर्श फैब के डायरेक्टर श्री विकास तोदी, सियाराम्स सिल्क मिल्स के डायरेक्टर श्री अनुराग पौद्दार, जी मफतलाल से श्री अंशुल शाह, एस. कुमार्स की मैनेजमेण्ट टीम से श्रीमती ध्वनि कॉल, रणजीत फैब के डायरेक्टर श्री संजय कोठारी, बंसी फैशन के डायरेक्टर श्री ओम प्रकाश जाजू, जगदम्बा टेक्सटाइल मिल्स के डायरेक्टर श्री राघव बागड़ी, छाबड़ा सिन्कोटेक्स के डायरेक्टर श्री संदीप छाबड़ा, सीमा सिन्थेटिक्स के डायरेक्टर श्री प्रहलाद सोनी एवं अन्य व्यापारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

आयोजक **'टेक्सटाइल वर्ल्ड'** के प्रबंध संपादक प्रतीक व्यास ने जानकारी दी कि इस यूनिफॉर्म फैब्रिक्स एवं गारमेण्ट एक्सपो के दो दिवसीय आयोजन में विजिटर्स के खानपान एवं अल्पाहार का भी विशेष रूप से ध्यान रखा गया। टेक्सटाइल वर्ल्ड की पूरी टीम ने एक्जीबिटर्स एवं विजिटर्स को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा। इस आयोजन को इतनी सराहना मिली कि यूनिवर्ल्ड का आगामी आयोजन कहाँ और कब होने वाला है, इसकी पूछपरख होने लगी। जिसके चलते टेक्सटाइल वर्ल्ड की प्रबंधन कमेटी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही यूनिवर्ल्ड के चौथे एडिशन की दिनांक और स्थान तय कर सूचित किया जाएगा।

यूनिफॉर्म निर्माताओं को मिला भरपूर रिस्पॉन्स

Bansi

Swaraj
SUITING & SHIRTING

SEEMA SYNTHETICS

Rodas

Kalpatru

Vastra Mahal
MANUFACTURING SINCE 1987

21st Century TOPMAN
PREMIUM SUITING

FIZZICAL INDIA

REX
SINCE 1991

PUMA